**29-09-2020**

# शर्करा संस्थान में आगंतुक छात्रों के लिए बनाया आइसोलेशन केंद्र




राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में परीक्षा के दृष्टिगत छात्रों के लिये बनाया गया आइसोलेशन केन्द्र।

फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत परीक्षा व विशेष कक्षाओं के आयोजन के लिए परिसर में विद्यार्थियों को बुलाने की तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए संस्थान में छात्रों के लिए एक 'आइसोलेशन केंद्र' भी निर्मित किया गया है, जिसमें पल्स ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन, नेबुलाइजेशन, स्टीमिंग एवं इनफ्युजन आदि सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। आगंतुक छात्रों को थर्मल स्क्रीनिंग व उचित सेनेटाइजेश के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। कोरोना संदिग्ध की जांच व देखभाल की व्यवस्था अलग से की है।

संस्थान में विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 29 सितंबर से कराना तय किया गया है। जिनकी ऑनलाइन कक्षाएं चल रही हैं, उनकी मध्यावधि एवं अंतिम वर्ष की परीक्षाएं भी अक्टूबर-नवम्बर में संपन्न होंगी।

### कल से परीक्षा की तैयारी पूरी विशेष कक्षाएं भी चलेंगी

विद्यार्थियों की शंकाओं-समस्याओं के समाधान के लिए परीक्षाओं से पूर्व विशेष कक्षाएं भी चलाई जायेंगी। निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन ने बताया कि कोविड प्रोटोकॉल के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध किये गये हैं। प्रारंभिक सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा के लिए परीक्षकों को ग्लब्स, मास्क, फेसशील्ड एवं सेनेटाइजर प्रदान किये जायेंगे। परीक्षकों की मांग पर पीपीई किट की आपूर्ति भी की जायेगी। परीक्षा प्रभारी अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। छात्रावास अधीक्षक संजय चौहान ने कहा कि आइसोलेशन केंद्र में रखे जाने वाले विद्यार्थियों के उपचार हेतु चिकित्सकों की सलाह के अनुसार कदम उठाये जायेंगे।

# एनएसआई में 29 से परीक्षा, बने आइसोलेशन केंद्र



एनएसआई में अंतिम वर्ष की परीक्षा 29 सितंबर से शुरू हो रही है। इसके लिए संस्थान में आइसोलेशन केंद्र बनाए गए हैं। जहां कोरोना संदिग्ध छात्र-छात्रा को रिपोर्ट आने तक रखा जाएगा। वहीं परीक्षा ड्यूटी करने वाले शिक्षकों के लिए ग्लब्स, मास्क, फेसशील्ड, सेनेटाइजर के साथ पीपीई किट की आपूर्ति की गई है। औद्योगिक यंत्रीकरण एवं प्रक्रिया स्वचालन में पीजी डिप्लोमा, गुणवत्ता नियंत्रण एवं पर्यावरण विज्ञान में पीजी डिप्लोमा की अंतिम वर्ष की परीक्षा नहीं हुई थी, जो 29 सितंबर से शुरू हो रही हैं।

# कोरोना से रुकी एनएसआई की परीक्षाएं आज से

कानपुर। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) कोरोना के कारण रुकीं परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 29 सितंबर से कराएगा। औद्योगिक यंत्रीकरण एवं प्रक्रिया स्वचालन, गन्ना उत्पादकता एवं परिपक्वता प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण और पर्यावरण विज्ञान में परास्नातक डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष (सत्र 2019-20) की परीक्षाएं कोरोना के कारण समय से नहीं हो पाईं। इंस्टीट्यूट में परीक्षाएं कराने के लिए अलग से आइसोलेशन केंद्र बनाया गया। परीक्षक पीपीई किट पहनकर ड्यूटी करेंगे।

एनएसआई के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने बताया कि इंस्टीट्यूट के विविध पाठ्यक्रम शर्करा तकनीक, शर्करा अभियांत्रिकी, अल्कोहल तकनीक आदि की मध्यावधि और अंतिम वर्ष की परीक्षाएं अक्तूबर-नवंबर 2020 में होंगी। परीक्षा प्रभारी अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए इंस्टीट्यूट के छात्रावासों में थर्मल स्क्रीनिंग और सैनिटाइजेशन के बाद प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। आइसोलेशन केंद्र में पल्स आक्सीमीटर, आक्सीजन, नेबुलाइजेशन, स्टीमिंग, इंफ्युजन आदि सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

# NSI PGD courses' exams from today

PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR

National Sugar Institute Director Prof Narendra Mohan said that the final examinations of post graduate diploma courses which could not be conducted earlier due to COVID-19 shall now be conducted from September 29.

He said online classes for the second and third year students of various courses was going on through virtual platform and their mid-term and final examinations would be held between October and November, 2020.

Prof Mohan said that special classes shall be arranged for the students of various courses at the institute prior to the examinations to clarify their doubts and also to hold practicals in various disciplines.

The NSI director said safety of the students and the staff was a priority area and hence the institute had made all necessary arrangements in line with the guidelines issued by the Ministry of Health & Family Welfare.

He said the students would be admitted to the hostels after thermal screening and proper sanitisation.

Prof Mohan said the institute had made extensive arrangements to avoid crowding in dining area and washrooms. He added that similar precautions would also be taken during the examinations and the invigilators would be given gloves, masks, face shield and sanitisers as a precautionary measure. He said personal protective equipment (PPE) would also be given to the invigilators but on demand.

NSI hostel warden Sanjay Chauhan said to take care of any emergency, an isolation centre having basic facilities of pulse oximeter, medical oxygen cylinder, nebuliser, steaming inhalation and infusion had been set up.

He said the coronavirus suspects would be housed in the isolation centre for medical care and their examinations would be conducted separately.

He added that an authorised medical attendant had been arranged to take medical care and as per the medical attendant's advice, the institute would take further action.

Chauhan said the examination for PG Diploma in Industrial Instrumentation & Process Automation, PG Diploma in Sugarcane Productivity & Maturity Management and PG Diploma in Quality Control & Environment Science for the academic session 2019-20 would be held.